म्हारा हरियाणा, सक्षम हरियाणा

# CREATIVE ANDCRITICAL THINKING
# REFERENCE & PRACTICE
# MATERIAL

## Hindi, Class-7

(हम पंछी उन्मुक्त गगन के आधारित व दादी माँ पाठाधारित)

### TESTING AND ASSESSMENT WING

## STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH & TRAINING
## GURUGRAM (HARYANA)

**प्रतिमान -1 (हम पंछी उन्मुक्त गगन के आधारित)**

आसमान में उड़ते पक्षियों को देखकर उनकी आजादी को महसूस कीजिए | कितने प्रसन्न, नीले आकाश में स्वच्छंद विचरण करते पक्षी सुबह एक दिशा की ओर जाते हैं और संध्या काल वापिस लौटते आंखों में सुखद अहसास भरते हैं | 'पक्षियों की दुनिया' खुले आसमान, हरे भरे-वनों व नदियों के जल में ही रमती है| प्रकृति के इन्हीं शरण-स्थलों में वे आनंद की अनुभूति करते हैं |

पक्षियों के आनंद को विषाद में परिवर्तित करने वाला कारण है 'मनुष्य'| मनुष्य ने जैसे- वैसे जैसे अपनी बस्तियों का विस्तार कियाही- पक्षियों के आश्रय -स्थल नष्ट होने लगे | बहु-मंजिला इमारतों ने हरे-भरे जंगलों को निगल लिया | मानव ने प्रकृति के कार्यों में हस्तक्षेप बढ़ाकर उसकी प्रवृत्ति को भी बदल दिया|

मनुष्य अपने आनंद के लिए पक्षियों को पिंजरों में कैद कर ने लगा है और भूल गया है कि परतंत्रता किसी को प्रिय नहीं लगती| जिस प्रकार किसी मनुष्य को सभी सुख-सुविधाएं एक कमरे में उपलब्ध करवा कर बंद कर दिया जाए तो भी वह सुख की अनुभूति नहीं करता ,उसी प्रकार पक्षी पिंजरे में सुखी नहीं रह सकते | उनका वास्तविक सुख तो उन्मुक्त गगन में उड़ने में ही है | उन्हें अपने नीड़ों में रहने, प्रकृति व पेड़ों से भोजन लेने की व बहता जल पीने में ही आनंद अनुभूत करते हैं | पक्षी प्रकृति व जगत के मध्य संतुलन व सेतु का कार्य करते हैं | मनुष्य को पक्षियों के महत्व को समझते हुए उन्हें उनके हिस्से का स्वच्छन्द नभ देना ही चाहिए।

प्रश्न- 1.मानव की बढ़ती बस्तियां पक्षियों के लिए क्या समस्या उत्पन्न करती है ?

प्रश्न- 2. पक्षियों को कैसा जीवन पसंद है ?

प्रश्न- 3. यदि सभी सुख सुविधाओं समेत हमें घर में बंद कर दिया जाए तो भी हमें सुख का अनुभव क्यों नही होगा ? दो पंक्तियों में स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न- 4. 'आकाश' के लिए प्रयुक्त कोई तीन पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए

प्रश्न- 5. उत्तर दिशा से दक्षिण दिशा में जाने के लिए कितने डिग्री कोण पर घूमना होगा ?

**-रेणुका प्रवक्ता, रा० क० व० मा० वि० चाँदी , (लाखन माजरा) रोहतक**

**प्रतिमान - 2 (हम पंछी उन्मुक्त गगन के आधारित)**

**पेड़ों पर कूदती**
**फुर-फुर कर उड़ जाती**
**कभी पानी में नहाती**
**कभी दाना चुग जाती**
**पंख फैलाकर**
**फिर खुले आसमान में उड़ जाती**
**ओ री चिड़िया !**
**प्यारी चिड़िया,**
**आजादी का मूल्य**
**सबको बतला जाती ।**

प्रश्न- 1. जिस प्रकार 'पर' शब्द अनेकार्थी है .

पर - पंख
पर - लेकिन
पर - ऊपर

उसी प्रकार 'हार' शब्द के दो भिन्न अर्थ लिखें।

हार - हार -

प्रश्न- 2. यदि आपके घर के आंगन में कोई घायल पक्षी गिर जाए तो आप क्या करेंगे?

प्रश्न- 3. चिड़िया को क्या पसंद नहीं है?

क) स्वतंत्रता ख) परतंत्रता ग) उड़ना घ) दाना चुगना

प्रश्न- 4 उस पक्षी का चयन करें, जो अपना घोंसला स्वयं नहीं बनाता -

क) कबूतर ख) कोयल ग) चिड़िया घ) बया

प्रश्न- 5 यदि एक चिड़िया एक दिन में 20 ग्राम अनाज के दाने चुगती है तो पूरे अगस्त माह में 15 चिड़ियाँ कितना दाना चुगेंगी

– **प्रवीण सैनी बी0 आर0 पी0 हिन्दी अम्बाला-1**

**प्रतिमान - 3 (हम पंछी उन्मुक्त गगन के आधारित)**

मेरे पंखों को अब उड़ान भरने दो,
पिंजरा खोल दो मुझे गगन विचरने दो ।
बंद पिंजरे में मैं कभी नहीं जी पाऊंगी,
स्वर्ण बर्तन में दो खाना, तो भी मर जाऊंगी
मेरे घोंसले में मुझको अब उतरने दो,
पिंजरा खोल दो मुझे गगन दो मुझे विचरने दो ।।
मुझे क्षितिज की ओर अग्रसर सदा रहना,
वही चलूंगी मैं, वो नभ धरा का है गहना
मेरी इच्छा है इतनी भर-सी ,पूरी करने दो ,
पिंजरा खोल दो मुझे गगन विचरने दो।।
साल के दिन समान नभ के तारे ले लूँ मैं ,
घोंसले को सजाऊँ अपने, उनसे खेलूं मैं
बढ़ती आधुनिकता में मुझे ना मरने दो
पिंजरा खोल दो मुझे गगन विचरने दो।।

प्रश्न- 1 कविता के अनुसार चिड़िया की इच्छा क्या है ?

प्रश्न- 2 वह बिंदु जहाँ धरती और आसमान मिलते हुए दिखाई पड़ते हैं,............कहलाता है -

क) नभ ख) धरा ग) क्षितिज घ) गहना

प्रश्न- 3 अगर चिड़िया वर्ष 2020 के पहले छह महीनो के दिनों के समान तारों से अपना घोंसला सजाना चाहे तो उसे कितने तारों को तोड़ना होगा ?

प्रश्न- 4 चिड़िया किससे खेलना चाहती है?

प्रश्न- 5 यदि एक पेड़ पर पंछियों के 7 घोंसले हों, यदि पहले 3 घोंसलों में 4-4 अंडे और शेष घोंसलों में 7-7 अंडे हो तो अण्डों की कुल संख्या बताइए ।

**– डॉ. अश्विनी शर्मा, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम**

**प्रतिमान - 4 (दादी माँ पाठाधारित)**

रह-रह कर मुझे अपने नाना स्व. सोहन लाल की याद आती है । कितने संयमित रहते थे वो और हिसाब इतना पक्का कि कभी भी मार नहीं खाते थे, चाहे कैसा भी हिसाब लगवा लो।मुझे भी अक्सर बातों ही बातों में हिसाब- किताब लगाना सिखाते हुए कहा करते "सोनू , 4 रूपये की 12 टॉफी आएंगी, यह लो 10 का नोट; दुकानदार 6 रूपये वापस देगा और हाँ ! खो मत देना।" उनको सबका ध्यान रहता था। आज बरबस ही राम भैया की शादी का ख्याल आया । वह होते तो कहते - चांद-सी बहू लाऊंगा अपने राम के लिए। पूरे 10 तौले का हार बनवाऊंगा और पाजेब तो कम से कम 250 ग्राम की होगी । जब कोई उन्हें बताता कि सोने की कीमत चालीस हज़ार रूपये तौला और चांदी पचास हज़ार रूपये प्रति किलोग्राम के पार हो गई है तो जरुर उनकी पेशानी पर बल आ जाते । कुछ सोचते, फिर कहते - तो क्या हुआ ; अपने राम के लिए मैं सब इंतजाम कर लूंगा । आखिर मेरा लाडला है राम और हाँ, अपने पापा से कहना, चिंता ना करें। मैं जल्दी आकर सब संभाल लूंगा । लेकिन शायद विधाता को कुछ और ही मंजूर था । जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी । नानी जी भी जल्दी चली गई थी तब नाना जी ने ही सभी बच्चों को संभाला और पाला-पोसा था ।

प्रश्न- 1 निम्न शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

बरबस , पेशानी-

प्रश्न- 2 लेखक रिश्ते में सोहन लाल के क्या लगते थे ?

क नाना ख बेटा ग दोहता घ पोता


प्रश्न- 3 अनुमान लगाओ,अगर सोनू पूरे दस रूपये की टॉफी ले आता तो कितनी टॉफियाँ आती ?

प्रश्न- 4 नानी जी कहाँ चली गई थी ?

प्रश्न- 5 आपके माता जी 250 ग्राम चांदी की पाजेब लेना चाहते है यदि चाँदी का मूल्य 50000 रूपये प्रति किलोग्राम है उन्हें पाजेब के लिए सुनार को कितने रूपये देने होंगे ?

**– डॉ. अश्विनी शर्मा, प्रवक्ता, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम**

**प्रतिमान - 5 (सौन्दर्य प्रसाधन सम्बन्धी)**




प्रश्न-1 उपर्युक्त विज्ञापन का सम्बन्ध किससे है ?

क) मानसिक सौन्दर्य ख) आत्मिक सौन्दर्य

ग) शारीरिक सौन्दर्य घ) इनमे से कोई नहीं

प्रश्न- 2 उत्पाद का ऑफर मूल्य 80 रु है। यदि ऑफर में 10 % की अतिरिक्त छूट मिली है तो उत्पाद का वास्तविक मूल्य क्या है ?

प्रश्न- 3 दिए गए उत्पाद का व्यवसाय कहाँ से नियंत्रित होता है?

प्रश्न - 4 विज्ञापनों की हमारे जीवन में क्या भूमिका है ? दो पंक्तियों में उत्तर दीजिए।

प्रश्न - 5 विज्ञापनों से किसी उत्पाद की खरीद-बिक्री में क्या अंतर पड़ता है ?

क) खरीद-बिक्री घट जाती है ख) खरीद-बिक्री बढ़ जाती है

ग) खरीद-बिक्री ज्यों की त्यों रहती है घ) उपर्युक्त सभी

**– डॉ. स्वीटी चहल, प्रवक्ता , रा०व०मा०वि० सेक्टर 4-7 , गुरुग्राम**

**प्रतिमान - 6 (स्वस्थ जीवन शैली आधारित )**




प्रश्न- 1. संतुलित आहार किसे कहते हैं?

प्रश्न- 2. आपके अनुसार सर्वाधिक महत्वपूर्ण है?

क) धन   ख) शिक्षा   ग) स्वास्थ्य   घ) कीमती वस्त्र

प्रश्न- 3 बदलती जीवन शैली का युवा पीढ़ी पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ?

(क) स्वास्थ्य-स्तर सुधरा है (ख) स्वास्थ्य-स्तर गिरा है

(ग) विकल्प 1 एवं 2 (घ) इनमे से कोई नहीं

प्रश्न- 4 प्रीति नाश्ते में 1 केला और 20 ग्राम चने खाती है । यदि 1 केले में 84 कैलोरी व 100 ग्राम चने में 360 कैलोरी होती है तो वह नाश्ते में कुल कितने कैलोरी ग्रहण करती है ?

प्रश्न- 5 दूषित पानी के प्रयोग से होने वाली किसी एक बीमारी का नाम लिखिए

– **किरण बाला , प्रवक्ता, रा० क० व० मा० वि० डीघल, ब्लाक बेरी, झज्जर**

**उत्तरमाला:**

**प्रतिमान -1**

**उत्तर -1 – छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।**

**उत्तर -2 - छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।**

**उत्तर -3 - छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।**

**उत्तर -4 - आकाश, आसमान, नभ**

**उत्तर -5 -180 डिग्री**

**प्रतिमान -2**

**उत्तर -1 -पराजय, माला**

**उत्तर -2- छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।**

**उत्तर -3 - परतंत्रता**

**उत्तर -4 - कोयल**

**उत्तर -5 - 9300 ग्राम या 9.3 कि.ग्रा**

**प्रतिमान -3**

**उत्तर -1- छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।**

**उत्तर -2 -क्षितिज**

उत्तर -3 -182 तारे

उत्तर -4- छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर -40 अंडे

प्रतिमान -4

उत्तर -1- छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर -2 -दोहता

उत्तर -3 -30 टॉफी

उत्तर -4 - छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर -5 -12500 रूपए

प्रतिमान -5

उत्तर -1-शारीरिक सौंदर्य

उत्तर -2-72 रूपए

उत्तर -3 –ग्लोरी सौंदर्य प्रसाधन क. प्रा. लि. नई दिल्ली

उत्तर -4 - छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर -5- खरीद – बिक्री बढ़ जाती है

प्रतिमान -6

उत्तर -1- छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।

उत्तर -2- स्वास्थ्य

उत्तर -3- स्वास्थ्य स्तर गिरा है।

उत्तर -4- 156 कैलोरी

उत्तर -5 छात्र स्व-विवेक से उत्तर देंगे ।